KUMAUN GARHWAL
CHAMBER OF COMMERCE & INDUSTRY
UTTARAKHAND

CHAMBER HOUSE, INDUSTRIAL ESTATE, BAZPUR ROAD, KASHIPUR, DISTT. U. S. NAGAR (UTTARAKHAND)
Phone : (05947) 262478, Fax : (05947) 262078, E-mail : kgcci10@gmail.com, Website : www.kgcci.in

प्रेस विज्ञप्ति

दिनाँक : 28.06.2024

आज दिनाँक 28 जून, 2024 को कुमायूँ गढ़वाल चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री की 35वीं वार्षिक आम सभा का भव्य आयोजन बाजपुर रोड औद्योगिक आस्थान स्थित चैम्बर हाऊस में किया गया गया। इस अवसर पर चैम्बर की वर्ष 2024–25 हेतु नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। कार्यक्रम का संचालन चैम्बर के महासचिव, श्री आर. के. गुप्ता द्वारा किया गया।

केजीसीसीआई की वर्ष 2024–25 हेतु निर्वाचित मैनेजिंग कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्यों की सूची निम्न प्रकार है–

क्र.सं.	**नाम**	**पद**
1.	श्री अशोक बंसल	अध्यक्ष
2.	श्री आलोक कुमार गोयल	वरिष्ठ उपाध्यक्ष
3.	श्री आशीष कुमार गुप्ता	कोषाध्यक्ष
4.	श्री नितिन अग्रवाल	सदस्य
5.	श्री विकास अग्रवाल	सदस्य
6.	श्री भाष्कर शर्मा	सदस्य
7.	श्री पुष्पेन्द्र मोहन सिंघल	सदस्य
8.	श्री कृष्ण पाल सिंह	सदस्य
9.	श्री बी वी श्रीधर	सदस्य
10.	श्री विकास सिंह	सदस्य
11.	श्री अमित गर्ग	सदस्य
12.	श्री अक्षत मिड्ढा	सदस्य
13.	श्री नरेश कुमार घई	सदस्य
14.	श्री संजय कुमार अदलखा	सदस्य
15.	श्री रमेश मिड्ढा	सदस्य
16.	श्री रामकुमार अग्रवाल	सदस्य
17.	श्री आर बी बिरादर	सदस्य
18.	श्री संजय कुमार सिंह	सदस्य

बैठक में उपस्थित सदस्यों का स्वागत करने के पश्चात केजीसीसीआई के नव निर्वाचित अध्यक्ष, श्री अशोक बंसल द्वारा वर्ष 2023–24 में चैम्बर द्वारा आयोजित की गयी गतिविधियों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया तथा चैम्बर के प्रयास से शासन स्तर से उद्योगों की जो समस्याएं हल करायी गयीं उनसे भी अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत द्वारा अनेक कार्यों पर लदान–ढुलान शुल्क वसूल किया जा रहा था वह दिनाँक 01.04.2024 से बन्द कर दिया गया है। मैथनाल पॉयजन एक्ट से हटा दिया गया है अतः अब इस पर लाईसेंस व कन्ट्रोल की आवश्यकता नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि जिन उद्यमियों के आई डी एस की सब्सिडी से सम्बन्धित केस केन्द्र

में रजिस्टर्ड हुए हैं और किसी भी स्तर की क्वैरी पेंडिंग हो वे उसे तुरंत पूरी करा दें ताकि समय से सब्सिडी मिल सके। इस वर्ष चैम्बर के प्रयास से विद्युत आपूर्ति में काफी सुधार हुआ है। सरकड़ा, सितारगंज में उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग द्वारा 15 करोड़ की लागत से नए विद्युत सब–स्टेशन के निर्माण की स्वीकृति यूपीसीएल को दी गयी जिसके लिए चैम्बर काफी समय से प्रयासरत था। राज्य कर विभाग द्वारा पुरानी बकाया पर देय ब्याज/अर्थदण्ड की माफी हेतु ''वन टाईम सेटलमेण्ट स्कीम, 2023–24'' की अवधि जो कि दिनाँक 01 जुलाई, 2023 से 03 माह अर्थात् 30 सितम्बर, 2023 तक थी, को बढ़ाकर 31 दिसम्बर, 2023 तक किया गया।

चैम्बर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्री आलोक कुमार गोयल ने कहा कि चैम्बर से जुड़े समस्त सदस्यों को मिलकर काम करने की आवश्यकता है। इससे उद्यमियों में आपस में प्रेरणा मिलती है तथा किसी भी कार्य को सरलता से सम्पन्न किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों को मिलकर चैम्बर के कार्य को आगे बढ़ाना है।

श्री पवन अग्रवाल ने नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि हमें चैम्बर को सामूहिक रूप से मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि हम अपनी समस्या को शासन के समक्ष बार–बार उठाते रहेंगे तो उसका देर सवेर समाधान हो ही जाता है।

इम्पीरियल ऑटो इण्डस्ट्रीज लि0, सिडकुल, पन्तनगर के एच आर हैड श्री अनूप सिंह ने कहा कि कार्यकारिणी में चुने गये सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को चैम्बर को आगे बढ़ाने में पूरे समर्पण के साथ कार्य करना चाहिए।

ला ओपला आर जी लि0, सिडकुल, पन्तनगर के जनरल मैनेजर, श्री दुर्गेश मोहन द्वारा अवगत कराया गया कि विगत वर्ष में चैम्बर द्वारा उद्योगों की समस्याओं से सम्बन्धित जो भी विषय शासन के समक्ष उठाए गए थे उन सभी समस्याओं का समाधान कराए जाने हेतु शासन स्तर पर व स्वयं माननीय मुख्यमन्त्री जी द्वारा भी प्रयास किए गए जिसके परिणामस्वरूप कई समस्याओं का समाधान भी समय रहते हो गया।

सिडबी, रूद्रपुर के सहायक महाप्रबन्धक, श्री ज्ञानेश कुमार द्वारा उद्योगों हेतु सिडबी की योजनाओं से अवगत कराया गया तथा ईएसटीसी, कानिया, रामनगर के श्री दिनेश चन्द्र द्वारा ईएसटीसी पर संचालित कोर्सों एवं योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया।

बैठक में श्री विनीत कुमार संगल, निवर्तमान अध्यक्ष, केजीसीसीआई, श्री नितिन अग्रवाल, श्री रमेश मिड्ढा, श्री भास्कर शर्मा, श्री मयंक अग्रवाल, श्री अतुल असावा, श्री संजीव जिंदल, श्री विनीत अजीतसरिया, श्री आर वी नायडू, श्री जितेन्द्र कुमार, श्री राजेश कुमार सिंह, श्री दुर्गेश मोहन, श्री मोहित देव, श्री सचिन कुमार टिबरेवाल, श्री मनीश सिंघल, श्री सुरेश चन्द अग्रवाल, श्री संजय कुमार सिंह, श्री अभिषेक अग्रवाल, श्री सुशील तुल्स्यान, परमेश्वर शर्मा, श्री पुनीत गोयल, श्री नरेश कुमार गुप्ता, श्री राजू गावा, श्री अंशु मित्तल, श्री राजेश गौतम, श्री मोहित देव, श्री राकेश अग्रवाल, श्री संजय अग्रवाल, सी ए नवीन अरोरा, श्री आशीष खण्डेलवाल, श्री शहजाद आलम, श्री राजेश नारद, श्री मान सिंह आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

अशोक बंसल
अध्यक्ष